# NCERT SOLUTIONS

## CLASS - 7th



aglasem.com

Class : 7th

Subject : हिंदी

Chapter : 18

Chapter Name : संघर्ष के कारण मैं तुनुकमिज़ाज हो गया:धनराज

Q1. साक्षात्कार पढ़कर आपके मन में धनराज पिल्लै की कैसी छवि उभरती है वर्णन कीजिए।

Answer. धनराज पिल्लै दुबली कद-काठी के व्यक्ति हैं। पढ़ाई-लिखाई में वह फिसड्डी थे, लेकिन बाद में हॉकी से मिली प्रसिद्धि के बाद उन्हें खुद पर गर्व है। उन्हें गुस्सा बहुत अधिक आता है| बचपन का समय संघर्षपूर्ण था इस कारण वे तुनुकमिज़ाजी हैं। वे बहुत ही विनम्र व्यक्ति है और उन्हें ये संस्कार अपनी माँ से मिले हैं |

Page : 133 , Block Name : साक्षात्कार से

Q2. धनराज पिल्लै ने ज़मीन से उठकर आसमान का सितारा बनने तक की यात्रा तय की है। लगभग सौ शब्दों में इस सफ़र का वर्णन कीजिए।

Answer. धनराज पिल्लै का ज़मीन से उठकर आसमान का सितारा बनने की यात्रा अत्यंत संघर्ष-पूर्ण रही। इनका बचपन मुश्किलों से भरा था। उनके दोनों भाई हॉकी खेलते थे लेकिन गरीब परिवार से होने के कारण इनके पास अपनी हॉकी स्टिक तक नहीं थी। हॉकी खेलने के लिए इन्हें अपने साथियों से उधार हॉकी स्टिक माँगनी पड़ती थी। मात्र 16 साल की उम्र में उन्होंने जूनियर राष्ट्रीय हॉकी सन् 1985 में मणिपुर में खेली। 1988 के नेशनल कैंप में इनका चुनाव नहीं हुआ | लेकिन एक साल बाद ऑलविन एशिया कप के कैंप के लिए उन्हें चुन लिया गया | 1988 में नेशनल्स में भाग लेने दिल्ली आए तब इन्होनें सबसे पहले कृत्रिम घास देखी | इनकी पहली गाड़ी एक सेकेंड हैंड अरमाडा थी जो उनके इम्प्लॉयर ने उन्हें दी थी। धीरे-धीरे पैसे जमा करके सन् 2000 में इन्होनें अपनी फ़ोर्ड आईकॉन खरीदी। 1999 में महाराष्ट्र सरकार ने इन्हें पवई में एक फ़्लैट दिया |

Page : 133 , Block Name : साक्षात्कार से

Q3. 'मेरी माँ ने मुझे अपनी प्रसिद्धि को विनम्रता से सँभालने की सीख दी है' - धनराज पिल्लै की इस बात का क्या अर्थ है?

Answer. धनराज पिल्लै की माँ ने उन्हें विनम्र रहने की सीख दी है। उनकी माँ उनका प्रेरणा-स्त्रोत रही हैं | अपनी माँ के संस्कारों की वजह से ही उन्होंने अपनी सफलता के बावज़ूद विनम्र रहना सीखा |

Page : 133 , Block Name : साक्षात्कार से

Q1. ध्यानचंद को हॉकी का जादूगर कहा जाता है। क्यों? पता लगाइए।

Answer.ध्यानचंद हॉकी के सबसे बेहतरीन खिलाड़ी थे। उन्हें हॉकी का जादूगर कहा जाता है | उन्होंने अपने जीवन में 1000 से भी ज्यादा गोल किये है | वह हॉकी को एक जादुई अंदाज़ में खेलते। उनके स्टिक से बॉल जैसे चिपक जाती थी और गोल होकर ही वापस आती। वह तीन बार ओलम्पिक के स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के सदस्य रहे हैं।

Page : 133 , Block Name : साक्षात्कार से आगे

Q2.किन विशेषताओं के कारण हॉकी भारत का राष्ट्रीय खेल माना जाता है?

Answer. हॉकी को भारत का राष्ट्रीय खेल, भारत में हॉकी के स्वर्णकाल (1928 से 1956 तक) के कारण चुना गया। उस समय तक, भारतीय हॉकी खिलाड़ियों ने हॉकी में वास्तव में बहुत बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था, इसलिए उनकी लगातार जीत और उनकी अद्‍भुत योग्यता ही इस खेल को देश के राष्ट्रीय खेल के रुप में चुनने का कारण बनी।

Page : 134 , Block Name : साक्षात्कार से आगे

Q3. आप समाचार-पत्रों, पत्रिकाओं में छपे हुए साक्षात्कार पढ़ें और अपनी रूचि से किसी व्यक्ति को चुनें, उसके बारे में जानकारी प्राप्त कर कुछ प्रश्न तैयार करें और साक्षात्कार लें |

Answer. छात्र स्वयं करें |

Page : 134 , Block Name : साक्षात्कार से आगे

aglasem.com

Q1. 'यह कोई जरुरी नहीं कि शोहरत पैसा भी साथ लेकर आए' - क्या आप धनराज पिल्लै की इस बात से सहमत हैं? अपने अनुभव और बड़ों की बातचीत के आधार पर लिखिए।

Answer. 'यह कोई जरुरी नहीं कि शोहरत पैसा भी साथ लेकर आए'- यह कथन सत्य है | पहले खिलाड़ियों को सफलता और प्रसिद्धि तो मिलती थी लेकिन पैसा ज्यादा नहीं मिलता था |

Page : 134 , Block Name : अनुमान और कल्पना

Q2. (क) अपनी गलतियों के लिए माफ़ी माँगना आसान होता है या मुश्किल?

(ख) क्या आप और आपके आसपास के लोग अपनी गलतियों के लिए माफ़ी माँग लेते हैं?

(ग) माफ़ी माँगना मुश्किल होता है या माफ़ करना? अपने अनुभव के आधार पर लिखिए |

Answer.

(क) अपनी गलतियों के लिए माफ़ी माँगना मुश्किल होता है कोई विनम्र व्यक्ति ही किसी के सामने झुक सकता है और अपनी गलती को स्वीकार कर सकता हैं |

(ख) बहुत कम लोग अपनी गलतियों के लिए माफ़ी माँगते हैं|

(ग) माफ़ी माँगना मुश्किल होता है लेकिन माफ़ करना उससे भी ज्यादा मुश्किल होता हैं | क्योंकि माफ़ करने वाले व्यक्ति को भी उदार ह्रदय का होना चाहिए |

Page : 134 , Block Name : अनुमान और कल्पना

Q1. नीचे कुछ शब्द लिखे हैं जिनमें अलग-अलग प्रत्ययों के कारण बारीक अंतर है। इस अंतर को समझाने के लिए इन शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए -

- प्रेरणा, प्रेरक, प्रेरित
- संभव, संभावित, संभवत:
- उत्साह, उत्साहित, उत्साहवर्धक

Answer.

- प्रेरणा -धनराज पिल्लै के लिए उनकी माँ उनकी प्रेरणा-स्त्रोत थी |

  प्रेरक - महापुरुषों की कथाएँ प्रेरक होती हैं।

  प्रेरित - बहादुरी की कहानियाँ मुझे बहादुर बनने के लिए प्रेरित करती हैं।

- संभव - यह काम मेरे लिए संभव है।

  संभावित - परीक्षा की अभी संभावित तिथि ही जारी हुई है।

  संभवत: - संभवत: आज बारिश होगी।

- उत्साह - आज का दिन उत्साह भरा रहा।

  उत्साहित - आज छात्र बड़े उत्साहित हैं।

  उत्साहवर्धक - यह किताब छात्रों के लिए उत्साहवर्धक है।

Page : 134 , Block Name : भाषा की बात

Q2. तुनुकमिज़ाज शब्द तुनुक और मिज़ाज दो शब्दों के मिलने से बना है। क्षणिक, तनिक और तुनुक एक ही शब्द के भिन्न रूप हैं। इस प्रकार का रूपांतर दूसरे शब्दों में भी होता है, जैसे - बादल, बादर, बदरा, बदरिया; मयूर, मयूरा, मोर; दर्पण, दर्पन, दरपन। शब्दकोश की सहायता लेकर एक ही शब्द के दो या दो से अधिक रूपों को खोजिए। कम-से-कम चार शब्द और उनके अन्य रूप लिखिए।



aglasem.com

Answer.

वर्षा - बारिश, बरखा, बरसात

चन्द्रमा - चंदा, चाँद, चन्द्र

नया - नया, नवीन, नूतन

पैर - पग, पद, पाँव

Page : 121 , Block Name : भाषा की बात

Q3. हर खेल के अपने नियम, खेलने के तौर-तरीके और अपनी शब्दावली होती है। जिस खेल में आपकी रुचि हो उससे संबंधित कुछ शब्दों को लिखिए,

जैसे - फुटबॉल के खेल से संबंधित शब्द हैं - गोल, बैकिंग, पासिंग, बूट इत्यादि।

Answer. क्रिकेट - गेंद, बल्ला, विकेट, रन, पिच, आदि।

Page : 134 , Block Name : भाषा की बात

aglasem.com